हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024

04 भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव...



06 टोल टैक्स वसूलने के बाद भी सड़क के नहीं भरे ...





## खबर संक्षेप

### टीकाकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला हुई

**विदिशा।** नियमित टीकाकरण के संबंध में बासौदा के जनपद सभा कक्ष में उप स्वास्थ्य केंद्र वाइस माइक्रो प्लानिंग बनाने व वीपीडी सर्विलेंस के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त एएनएम, आशा सुपरवाइजर, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ के साथ सेक्टर मेडिकल ऑफिसर एवं आरबीएस के चिकित्सक उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम स्तर से लेकर उप स्वास्थ्य स्तर तक का जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती माता को किए जाने वाले नियमित टीकाकरण की कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही ऐसी जानलेवा बीमारियां जिन्हें टीकाकरण के द्वारा रोका जा सकता है के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा एवं डब्लूएचओ के एसएमओ डॉक्टर सागर जावेरी द्वारा दी गई।

### पैड न्यूज पर निगरानी

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय खर्चे पर नजर रखने का कार्य किया जा रहा है। एमसीएमसी कक्ष के माध्यम से पैड न्यूज पर विशेष नजर रखी जा रही है। कलेक्टेट के कक्ष क्रमांक 225 में संचालित एमसीएमसी में 24 घंटे सातो दिन निगरानी के लिए आठ-आठ घंटे के अंतराल के लिए अधिकारी, कर्मचारी दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानिटरिंग कमेटी के द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा अंतर्गत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा घोषणा पत्रों में उल्लेखित सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो की आईडी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिन्ट मीडिया के साथ-साथ रेडियो व एफएम बैड पर जारी होने वाली प्रचार प्रसार सामग्री पर भी नजर रखी जा रही है साथ ही संबंधित रिटर्निंग आफीसर से प्रसारण पूर्व अनुमति प्राप्त की गई है कि नहीं पर भी निगरानी की जा रही है।

### अंगुली का निरीक्षण भी करेंगे मतदान अधिकारी

**विदिशा।** मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगाई जाएगी। अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जाएगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली कुछ पदार्थ लगाया होना तो उसे मतदान अधिकारी साफ करेंगे।

12 बजे के बाद अब भी घर से निकलना हो रहा मुश्किल

# 38 डिग्री पारा: इस हफ्ते में 40 के पार पहुंचेगा, मौसम विभाग का अनुमान: इस गर्मी 45 डिग्री के ऊपर भी निकल सकता है



विदिशा। गर्मी से राहत के लिए बेतवा के उथले पानी में मौज मस्ती करते बच्चे।

## न्यूनतम तापमान में बढोतरी के कारण लगती है तेज गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गर्मी दस्तक दे चुकी है। ऐसे में दोपहर होती ही सड़कों पर अब सन्नाटा दिखाई देने लगा है। हालांकि अभी गर्म हवा न चलने के कारण राहत महसूस की जा रही है। लेकिन अप्रैल के इस सप्ताह में तापमान 40 डिग्री पर पहुंच जाएगा। इसके बाद लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो इस बार तापमान 45 डिग्री पार कर सकता है। गर्मी अधिक पड़ने पर बारिश अधिक होती है। अबकी बार औसत से अधिक बारिश होने की बात भी मौसम वैज्ञानिक कह रहे हैं।

इधर गर्मियां आते ही पानी की किल्लत भी शुरू हो गई है। हालांकि शहर के लोगों का पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगरपालिका ने अभी कुछ दिन पहले हलाली बांध से पानी खरीद लिया है। जिससे बेतवा में पर्याप्त पानी अभी मौजूद है। नदी में साफ पानी आने के कारण गर्मियां से राहत के लिए बड़ी संख्या में



लोग बेतवा नदी में डुबकी लगाने भी पहुंच रहे हैं। शहर के अभी जिन स्थानों पर पानी की किल्लत है वहां पर नगरपालिका टेंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई कर रही है। जून के पहले सप्ताह में जरुरी पानी की किल्लत बढ़ जाती है। क्योंकि तब तक नदी, तालाब, हैंडपंप सभी पूरी तरह से सूख जाते हैं।

## नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी कार्यक्रम में हुए शामिल

# बेतवा का जल अमृत तुल्य है: सत्यार्थी

1500 से अधिक लोगों की मदद कर चुका विदिशा चैप्टर ग्रुप, कैलाश सत्यार्थी ने की इस कार्य की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा चैप्टर ग्रुप द्वारा रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी शामिल हुए। सम्मान समारोह में कैलाश सत्यार्थी ने महिला चिकित्सा सेवा से जुड़े डॉक्टर्स का सम्मान किया।

इस दौरान नागरिकों ने कैलाश सत्यार्थी का नागरिक अभिनंदन किया। वहीं इस मौके पर कैलाश सत्यार्थी व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन विशेषांक का विमोचन किया गया। जिसमें कैलाश सत्यार्थी के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

इस मौके पर कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि उन्हें अपनी जन्मभूमि पर आने में काफी गौरव महसूस होता है। अपनों के बीच, भाई, बहन, बेटी भतीजे आदि के बीच आकर काफी खुश मिलती है। वह हमेशा और हर बार नई ऊर्जा के साथ यहां से जाते हैं। उन्होंने कहा बेतवा का पानी समाज सेवा से जुड़ा हुआ है, समाज के हर वर्ग की चिंता करने वाला है। श्री सत्यार्थी ने कहा कि विदिशा चैप्टर के डॉक्टर जो कार्य कर रहे हैं वह काफी सराहनीय है। दुनिया में भगवान के बाद डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है। ईश्वर के बाद अगर जीवन के बारे में किसी को किसी पर भरोसा होता है तो वह चिकित्सक होते है। चिकित्सा कर्मियों ने जिस तरह करुणा के भाव से आत्मीयता के भाव से अपनेपन के भाव से काम किया है और वह काम कर रहे हैं। यह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमारी बेतवा में जो जल के रूप में अमृत बहता है। वह हमारे लिए बहुत प्रेरणा देता है, साथ-साथ एक भावनात्मक संबल एक चुनौती एक नैतिक दायित्व एक नैतिक जिम्मेदारी भी देता है। हमारे पूर्वजों की जो परंपरा है कि हम उसको आगे बढ़ाएं और एक दूसरे की मदद करें। जहां हम दूसरों की तकलीफ को देखते हैं उसे अपनी तकलीफ समझते हैं और उसे दूर करने का प्रयास करते हैं। सम्मान समारोह में विदिशा चैप्टर ग्रुप से जुड़े तमाम डॉक्टर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ केतन मेहरा ने किया और डॉ सुनील किरार ने विदिशा चैप्टर के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



विदिशा। डॉक्टरों की टीम ने नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी को स्मारिका देकर सम्मानित किया।

### विदिशा के मरीजों की मदद करता है 'विदिशा चैप्टर'

विदिशा में जन्म लेकर सफल डॉक्टर बन चुके कई युवा डॉक्टरों का एक ग्रुप ऐसे मरीजों और उनके परिजनों की मदद कर रहा है। अब तक करीब 1500 मरीजों को यह ग्रुप समय पर उपचार दिलवाकर उनकी जान बचा चुका है। डॉक्टरों के इस ग्रुप का नाम है 'विदिशा चैप्टर' ग्रुप जो गंभीर से गंभीर और जटिल से जटिल बीमारी की हालत में उचित मदद करने की पहल करता है। इस ग्रुप में कई डॉक्टर जुड़े हैं। भोपाल मेमोरियल में सेवारत न्यूरोसर्जन डॉ सौरभ दीक्षित बताते हैं कि गंभीर मरीजों की मदद करने के लिए चर्चा शुरु हुई थी। इसी चर्चा के बाद यह ग्रुप बनकर तैयार हुआ। इस तरह एक वर्ष पहले शहर के गणमान्य नागरिकों के सुझाव एवं हमारे साथी डॉक्टरों की सलाह पर विदिशा चैप्टर गठित करने का विचार आया। विदिशा चैप्टर के सरंक्षक सामाजसेवी देवेश आर्य हैं। कार्यक्रम में विदिशा नगर के सामाजसेवी और जानेमाने कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेप्टिक टैंक के गड्ढे में गिरने से 4 साल के मासूम की मौत

### अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन, मृत घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

4 साल के बच्चे की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत का मामला सामने आया है। करैयाखेड़ा रोड पर निर्माणाधीन मकान में सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में करीब 5 से 6 फीट पानी भरा हुआ था।

निर्माणाधीन मकान के पास ही राहुल अहिरवार का परिवार रहता है। उनका 4 साल का राज खेल रहा था। अचानक वह लापता हो गया। वह मिल नहीं रहा था। उसकी खोजबीन की गई। तभी किसी ने बताया कि टैंक में कुछ है। जब टैंक में खोजबीन की गई तो राज उस टैंक में मिला। उसको बाहर निकाला गया, उसकी हालत गंभीर थी।

आसपास रहने वाले लोग और परिवार के सदस्य तुरंत ही उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि तीन भाई बहनों में यह दूसरे नंबर का भाई था।

## विदिशा में हो सकती है प्रियंका गांधी की सभा!

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पारा बढ़ने के साथ ही प्रत्याशियों का प्रचार भी जोर पकड़ता जा रहा है।

कांग्रेस और भाजपा में प्रचार की बात करें तो अब तक दोनों ही प्रमुख पार्टियों में राज्य स्तर से अथवा राष्ट्रीय स्तर से कोई स्टार प्रचार आमसभा अथवा रैली करने विदिशा नहीं पहुंचा है। विदिशा व बासौदा में निकालेंगे रैली विदिशा में प्रियंका वाड्रा की आमसभा को लेकर शनिवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी पीसीसी चीफ जीतू पटवारी से मिलने भोपाल पहुंचे। उन्होंने जीतू पटवारी से विदिशा में प्रियंका वाड्रा की सभा करवाने की मांग की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी में शिवराज ही स्टार प्रचारक बने हुए हैं। वे 23 अप्रैल को विदिशा में और 25 अप्रैल को गंजबासौदा विस क्षेत्र में जन आशीर्वाद रैली निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

# वोटिंग से डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल दिखावटी मतदान कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को माँक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ घंटे पूर्व मॉक पोल दिखावटी मतदान करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिए।

### पीठासीन अधिकारी 15 मिनट कर सकते हैं इंतजार

यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्ता उपस्थित न हो पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट प्रतीक्षा कर सकता है। तब भी कोई मतदान अभिकर्ता नहीं आते हैं तो मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिशित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गए हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल दिखावटी मतदान प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। जो बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपेटे मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा।

## 1475 मतदान कर्मी का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा चुनाव के दोनों संसदीय क्षेत्र सागर एवं विदिशा के विधानसभा क्षेत्रों के मतदानदल कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन शनिवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की उपस्थिति में हुआ। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभाएं आवंटित की गई हैं। जिले की कुल पांचों विधानसभाओं के लिए 1475 मतदानकर्मियों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत संपन्न हुआ। एनआईसी के व्हीसी कक्ष में द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया को एनआईसी के डीआईओ एमएल अहिरवार के द्वारा संपादित कराई गई है। इस दौरान बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर के अंतर्गत जिले की तीन विधानसभाएं 146 कुरवाई के लिए 326 मतदान दल, 147 सिरोंज के लिए 279 मतदान दल तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद के लिए 278 मतदान दलों का रेण्डमाईजेशन हुआ है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के अंतर्गत जिले की दो विधानसभाएं 144 विदिशा के अंतर्गत 304 मतदान दलो का जबकि 145 बासौदा के लिए 288 मतदान दलो का रेण्डमाइजेशन कार्य उप जिला निर्वाचन अधिकारी व समस्त सहायक रिटर्निंग आफीसरों के समक्ष संपन्न कराया गया है।

### भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर हुए कार्यकम

# चांदी की पालकी में बैठकर निकले श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शहर में आचार्य आर्जवसागर महाराज के संघ और आर्यिका संघ के सानिध्य में किले अंदर स्थित दिगंबर जैन छोटा मंदिर से विशाल चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में चांदी की पालकी में श्रीजी को विराजमान किया गया।

चल समारोह में विधासागर नव युवक मण्डल और महिला मंडल के बैंड आकर्षक के केन्द्र रहे। जुलूस में जैन धर्म के जयकारे लगाते हुए भजन कीर्तन करते चल रहे थे। इस अवसर पर शीतलनाथ सेवादल के सभी कार्यकर्ता भगवान की पालकी के धोती दुपट्टा एवं सफेद कुर्ता पजामा पहनकर तथा गले में केसरिया दुपट्टा डालकर सिर पर सफेद टोपी लगाकर भगवान की पालकी को कांधे पर लेकर चले। वहीं महिला मंडल की महिलाएं हाथों मे आचार्य विद्यासागर महाराज के कटआउट लेकर चल रही थीं, इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के शुभ संदेश जियो और जीने दो का संदेश दिया। जगह-जगह श्री जी की आरती उतारी गई।

चल समारोह शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ माधवगंज चौराहे पर पहुंचा। जहां पर एक धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ धर्म सभा में पहुंचे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चल समारोह में शामिल हुए और श्रीजी की पालकी को कंधा लगाया और पालकी को लेकर चले।



### अगर आनंद और शांति से रहना चाहते हैं तो जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करें: शिवराज सिंह

अगर व्यक्तिगत रूप से हम आनंद और शांति से रहना चाहते हैं तो जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करें। इन सिद्धांतों के पालन से हमसे सुखी और आनंदित कोई हो नहीं सकता। यह बात भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने महावीर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। माधवगंज पर आयोजित महावीर जयंती पर आयोजित चल समारोह में श्री चौहान शामिल हुए और जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन अपने जीवन में करने की बात दोहराई। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह सिद्धांतों पर विस्तार से व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने मालवीय उद्यान में पौधरोपण किया

## नेमावर तीर्थ स्थल पहुंचे प्रतापभानु शर्मा



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा भी महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के तीर्थ स्थल नेमावर तीर्थ पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की। खातेगांव में स्थित पवित्र तीर्थ स्थल नेमावर विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र में आता है।।

## खबर संक्षेप

### इमलाधाम पर विशाल भंडारा मंगलवार को

**गंजबासौदा।** सिद्ध इमलाधाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी महाराज की महा आरती सहित विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। प्रधान पुजारी पंडित राहुल चौबे ने बताया कि मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सदगुरुदेव मौनी बाबा महाराज के निर्देशन में सिद्ध इमलाधाम पर हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस मौके पर दोपहर 12 बजे महा आरती के बाद विशाल भंडारा प्रसादी वितरित होगी। इसके बाद भजनों की प्रस्तुति भी होगी। महंत जी ने सभी श्रद्धालुओं को धार्मिक आयोजन सहित भंडारे में सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत



**गंजबासौदा।** रविवार को सुबह 11 बजे बरेठ रोड पर दो मोटरसाईकिल आमने-सामने भिड़ गईं। जिससे एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 को फोन लगाया लेकिन 108 को आने में देरी हो रही थी। तो लोगों द्वारा घायल व्यक्ति को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय भेजा गया। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने 108 को कई बार कॉल किया लेकिन कोई जवाब नहीं आया।

### कलेक्टर ने किए जिला बदर के आदेश जारी

**गंजबासौदा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बुद्धेश कुमार वैद्य ने आदतन अपराधियों को जिला बदर किये जाने के आदेश जारी किए हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर अनावेदक आकाश उर्फ टक्कू उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 4 रविदास कालोनी, राजा कुशवाह उम्र 21 साल निवासी राजेन्द्र नगर थाना देहात छह माह की कालावधि के लिए जिला विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं से जिला बदर निष्कासन के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि उक्त अनोवदक जिला बदर निष्कासन कालावधि के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें। अनावेदक के इन जिलों के न्यायालयों में यदि कोई राजस्व, आपराधिक मामले गतिशील हो तो उन मामलो में तारीख पेशी के दिन उन जिलों के न्यायालय में आ एवं जा सकेगा इसके लिए अनावेदक को संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी को सूचना देना अनिवार्य होगा।


### भगवान महावीर को चांदी की पालकी में विराजमान कर नगर में निकाला गया भव्य जुलूस

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महावीर जयंती के अवसर पर एक बड़ा एवं भव्य चल समारोह भी आयोजित किया गया। विमान महोत्सव में भगवान महावीर स्वामी की सुंदर प्रतिमा, चांदी की पालकी में विराजमान होकर शोभायमान हो रही थी। चल समारोह का शुभारंभ स्थानीय महावीर मार्ग स्थित महावीर विहार से किया गया जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री पारसनाथ दिगंबर मंदिर धूसरपुरा पहुंचा। भव्य चल समारोह में महिलाएं केसरिया रंग की साड़ी पहने हुई थी एवं पुरुष सफेद वस्त्र पहनकर सम्मिलित हुए। भगवान महावीर के विमान जी चल समारोह में सबसे आगे ऐरावत हाथी चल रहा था। उसके पीछे सात अश्व रथ चल रहे थे, अश्व रथ के पीछे सुंदर-सुंदर अष्ट प्रातिहार्य की प्रतिकृति चल रही थीं। वहीं नगर की धार्मिक पाठशालाओं के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा तैयार की गई झाकियां चल समारोह के आकर्षण का केंद्र रहीं। समाज के सेवादल अपने अपने दिव्यघोषों से चल समारोह में सम्मिलित होकर नगर को गुंजायमान कर रहे थे। महिला मंडल एवं बालिका मंडल द्वारा भी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां देकर चल समारोह आकर्षित कर रही थी। भगवान महावीर स्वामी के विमान के साथ पुरुष भजन कीर्तन करते हुए जयकारों के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे। भव्य शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में समाज जन सम्मिलित होकर पुण्यर्जन कर रहे थे। लोगों ने अपने अपने घरों के बाहर रंगोली बनाकर एवं भगवान की आरती करके चल समारोह का स्वागत किया। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भगवान की मंगल आरती की। चल समारोह के समापन के उपरांत आयोजन स्थल पर भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं विश्व कल्याण की भावना से शांतिधारा की गई। दोपहर में आचार्य विद्यासागर गौशाला के सदस्यों ने शासकीय अस्पताल पहुंचकर फल वितरण किया। वहीं रात्रि में नगर की सभी धार्मिक पाठशालाओं के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा स्थानीय महावीर विहार में नृत्य गान और नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं गई। वही महिलाओं द्वारा भजनों का बुलऊआ किया गया। वहीं महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शुभारंभ गौ सेवा ग्रुप ने एक लाख साठ हजार की लागत से लालू महाराज की गौशाला में गायों के लिए टीनशेड का निर्माण करवाया जिसका नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने फीता काटकर टीनशेड का शुभारंभ किया। इस दौरान गौसेवा ग्रुप की बहिनों को इस नेक काम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में अनेक महिलाएं मौजूद थीं।










## 10 दिनों तक रेल्वे फाटक रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

काली पठार भड़ेरु के बीच रेलवे फाटक पर यातायात 10 दिन के लिए बंद रहेगा। रेलवे द्वारा इसकी सूचना जारी की गई है। रेल पथ निरीक्षक जीएल कीर ने बताया कि रेलवे फाटक पर ट्रैक के मध्य सीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में बनी डामरीकृत सड़क जर्जर हो चुकी है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। मरम्मत कराने के लिए यह रेलवे फाटक 21 से 30 तक बंद रहेगा। इसका ट्रैफिक पास की पुलिया और परसोरा रेलवे अंडर ब्रिज के माध्यम से निकाला जाएगा।

## श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस उदयपुर नीलकंठ महादेव मंदिर राजा रामलला प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कथा व्यास पंडित अतुल कृष्ण शास्त्री द्वारा किया गया। कथा के आयोजक प्रभावती रमेश कुमार शास्त्री रहे। इस दौरान कथा व्यास शास्त्री ने कहा कि इस समय जगह जगह गौ वंश के लिए जल की व्यवस्था की की, दया सबसे बड़ा धर्म है। पंडित अतुल कृष्ण शास्त्री महाराज ने कथा में जय हिंद के नारे लगाते हुए सभी श्रोताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की।

## अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई के दौरान जेसीबी की मदद से पक्के टीनशेड के अतिक्रमण तोड़े गए। जिससे बरेठ रोड क्षेत्र पर जाम की स्थिति नहीं बनी। नगर पालिका, पुलिस, राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान करीब 20 से अधिक दुकानों के टीन शेड तोड़े गए। जेसीबी की मदद से कुछ पक्के अतिक्रमण भी इस मौके पर हटाए गए। नगर पालिका राजस्व विभाग के सहायक राजस्व निरीक्षक वरुणेन्द्र चौबे ने क्षेत्र के लोकसभा बताया कि नगर पालिका द्वारा बिजली विभाग के आफिस के पास बाहर लेआउट डाला गया है। जहां नाले का निर्माण कियां जाएगा पहले उस पर सीसी डाली जाएगी इसके बाद फुटपाथ और नाले का निर्माण होगा। इसीलिए यहां भी पक्के अतिक्रमण हटाए गए हैं। वरुणेन्द्र चौबे ने बताया कि यदि जगह कम पड़ती है तो पीछे बनी पक्की दुकानों को भी तोड़ा जाएगा।

## कन्याभोज का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 24 काली माता मंदिर में नवरात्रि के समापन पर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जो दोपहर से लेकर देर रात तक चलता रहा। जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं, माताएं, बहिनों ने उपस्थित होकर भंडारा प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। इस दौरान सभी कन्याओं के पैर पखारकर चुनरी उड़ाकर कन्या पूजन किया गया। जिसमें मंदिर के पुजारी विशाल दास वैष्णव, अरुण वैष्णव, कथा व्यास शंभू कृष्णानंद महाराज, पार्षद अंशलेखा रोहित भावसार, शिवम शर्मा, सुनीता वैष्णव, अंजलि रघुवंशी, सपना कुशवाहा, ममता भावसार, संगीता कुशवाह, सीमा राजपूत ,सुनीता विश्वकर्मा, सलोनी शर्मा साहित अनेक श्रद्धालुओं ने भंडारी प्रसादी में सहयोग किया गया।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार को करीब 4 घंटे तक कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रही। बिजली कंपनी के जेई मदन सिंह अहिरवार ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य की वजह से जले मील, स्टेशन रोड, नेहरू चौक, मील रोड, पाठशाला क्षेत्र, सिंधी कॉलोनी, चक स्वरूप नगर क्षेत्र में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही। ज्ञात हो कि पाठशाला क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण रात्रि में भी कई बार बिजली गुल हुई थी, इसके अलावा मील रोड क्षेत्र भी प्रभावित रहा। जिसके चलते मरम्मत कार्य किया गया।

## लोक सभा चुनाव को लेकर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शनिवार को तहसील के पटवारी सभागृह में आगामी लोकसभा चुनाव के कमिश्निंग कार्य के संबंध में प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। जिसमें ईवीएम की कमिश्निंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में प्रशिक्षण एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में कमिश्निंग में लगे हुए सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठकमें मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई एवं ईवीएम से जुड़ी तकनीकी बारीकी भी बताई गई। यहां उल्लेखनीय है कि आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। जिसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, इसीलिए प्रशिक्षण का दौर भी शुरू हो चुका है।

### बगैर क्लींजर के बस को ड्रायवर ने आगे बढाया, महिला का हाथ छूटने से बच्चा बस से गिरा

**गंजबासौदा।** रविवार को ग्राम उदयपुर में बड़ा हादसा होने से बच गया। जब तिरुपति ट्रैवल्स की बस क्रमांक एमपी 09 एफए 3701 उदयपुर से गंजबासौदा जा रही थी, जिसमें क्लींजर नहीं था। इसी दौरान बस के ड्रायवर ने बगैर हॉर्न के बस को चला दिया। इस दौरान बस में बैठते समय एक महिला के साथ बच्चा था, जिसका हाथ छूट गया जिससे बच्चा बस से नीचे गिर गया। यह तो अच्छा रहा कि उस समय कोई वाहन नहीं गुजरा और बच्चे के गिरने के दौरान उसको गंभीर चोट नहीं लगी। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बस में स्टैंड कंडक्टर और ड्रायवर था, क्लींजर मौजूद नहीं था। बस संचालक नियम कानून तोड़कर, बसों के अंदर ठूंस ठूंस कर बैठाते हैं, इसके बाद भी जब यात्री अंदर नहीं बनते तो उन्हे बसों के ऊपर बैठाते हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बस कंडक्टर द्वारा बस यात्रियों से मनमाने ढंग से रुपए लिए जाते हैं। स्टैंड कंडक्टर बाहर के आए हुए यात्रियों को किसी अन्य वाहन में बैठने नहीं देते जिससे यात्री बहुत परेशान होते हैं।




**इनका कहना है...**

*आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाऐगी।*

*गिरजेश वर्मा*
*जिला परिवहन अधिकारी विदिशा*

### उपजेल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गंजबासौदा।** तहसील स्थित उपजेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उपजेल आइएससो प्रमाणित है जिसमें सभी कैदियों के स्वास्थ्य को लेकर बीएमओ डॉ. प्रवेंद्र तिवारी, बृजेश अहिरवार, दंत चिकित्सक मनीष राय, आरबीएस के चिकित्सक अरविंद नेत्र, चिकित्सा सहित सभी डाक्टरों ने जेल में कैदियों का परीक्षण किया साथ ही बीपी ब्लड प्रेशर शुगर की जांच में की गई। जिसमें 113 कैदियों का परीक्षण कर दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। जेलर आलोक भार्गव ने बताया जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर महीने में एक बार लगाया जाता है।जेल में साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है। क्योंकि उपजेल आईएसओ प्रमाणित है और समय-समय पर उपजेल में धार्मिक आयोजन, सुंदरकांड आदि का आयोजन भी किया जाता है जिससे कि कैदियों की मनोस्थिति ठीक-ठाक रहे।




### सहयोग में लगे रहे रघुवंशी समाज के 50 से अधिक युवा

# नौलखी पर संत सेवा समिति की सेवा को सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नौलखी धाम पर संपन्न हुए विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, संत सम्मेलन, बाल्मीकि रामायण कथा और 33 कुंडीय सीताराम महायज्ञ के 10 दिवसीय आयोजन में तीर्थ स्थानों से पधारे सैकड़ों संतों, साधुओं की सेवा में रघुवंशी समाज के युवाओं ने अनूठी मिशाल कायम की है। साधु संतों ने समिति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए साधुवाद कहा है। इससे पहले 2016 में नौलखी पर आयोजित हुए विशाल धार्मिक आयोजन में मलूक पीठाधीश्वर वृंदावन से आए राजेंद्र दास जी महाराज की कथा के आयोजन के दौरान व्यवस्था संभालते हुए तन, मन और धन से संत सेवा स्वीकार की थी। इस बार भी नौलखी खालसा समिति ने रघुवंशी समाज को ही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आए संतों, साधुओं की सेवा की जवाबदारी सौंपी गई। यहां उल्लेखनीय है कि नौलखी धाम पर संपन्न हुए विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जगन्नाथपुरी से भगवान जगन्नाथ की पदयात्रा के आगमन से लेकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा तक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न समाजों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ-साथ गैर राजनीतिक संगठन और राजनीतिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्ती भूमिका निभाई है। यज्ञ के आयोजन के दौरान रघुवंशी समाज संत सेवा समिति में 50 से अधिक युवाओं की टीम ने यज्ञ स्थल के अलावा शहर में विभिन्न स्थानों पर रुके हुए संतों की सेवा के लिए सुबह से लेकर शाम तक मोर्चा संभाले रखा। संत सेवा टीम के सदस्य एडवोकेट हर्ष रघुवंशी ने बताया कि टीम के सभी सदस्यों ने सेवा के लिए आपस में अलग से धन संग्रह किया। संतों की सेवा में आश्रम से मिलने वाली व्यवस्थाओं से हटकर जो-जो सामग्री संभव थी उसको उपलब्ध कराई जा रही थी। शहर में अलग-अलग चार-पांच स्थानों पर रुके हुए संतों के लिए समाज के 15 युवा सेवा में थे। जबकि टीम के बाकी सदस्य यज्ञ स्थल पर सुबह 7 बजे से लेकर रात तक संत सेवा में उपलब्ध रहते थे। तीर्थ क्षेत्र से आए संतों ने भी रघुवंशी समाज संत सेवा समिति के सेवा कार्यों की सराहना कर सेवा में जुटे रहे सदस्यों के जीवन की उत्तरोत्तर उन्नति की कामना करते हुए आवश्यकता पड़ने पर धर्म कार्य के लिए प्रेरित किया।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कर रहा मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



लोकसभा चुनाव 2024 में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ पूरे देश मे भारत सरकार और चुनाव आयोग के आदेश निर्देश का पूरी तरह पालन करते हुऐ मतदाता जागरण अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ ने विदिशा, गंजबासौदा में जागरुकता अभियान चलाया। मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी के नेतृत्व में निकले समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सघन संपर्क कर चुनाव आचार संहिता से लोगों को परिचित कराया। साथ ही लोगों को हर हाल में मतदान करने व दिए जाने वाले किसी भी तरह के प्रलोभन से बचने की सलाह दी। कुरवाई में जिला संयोजक एडवोकेट सैयद असद नवेद ने कहा कि वोट के लिए जाति या धर्म के नाम पर यदि कोई अपील करता है, तो सोशल मीडिया के जरिए निर्वाचन आयोग तक सूचना जरूर पहुँचाएं। मंच के रायसेन के सह-संयोजक मोहम्मद कैफ ने कहा कि इस बार समाजिक संस्थाओं की निगाह शराब व पैसा बांटकर मतों को लुभाने वालों पर है। मंच के साथ अन्य सामाजिक संगठन भी इस बार चुनाव पर कड़ी निगरानी रखेंगे और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरुक करेंगे। अभियान में विदिशा कासिम भाई , राशिद भाई, मुश्ताक भाई शमशाबाद से रईस शाह, नटेरन से हाफिज रहमान साहब, शरीफ शाह , लटेरी से सैयद जावेद अली, सिरोज मेहलुआ फतेहपुर से काजी साहब सैयद शोऐब हुसैन काजी साहब सैयद जुबेर हुसैन, रायसेन से सरवर अली , मोहसिन अली, फैज भाई , कुरवाई से मुमताज खान, गंज बासौदा में इरफान खान, फिरोज कुरैशी सहित मंच के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताओं सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### चलाया जा रहा नशा मुक्त अभियान

**गंजबासौदा।** हिंदू चेतना सेवा समिति के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शनिवार को नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों पर हनुमान चालीसा का 7 बार पाठ किया जाता है एवं युवाओं को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई जाती है जिसके तहत विजय हनुमान मंदिर नौलखी धाम घाट पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू चेतना सेवा समिति एवं श्रमदान दल के कई सदस्य मौजूद रहे। जिसमें राकेश सिंह रघुवंशी, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, एवन सिंह विश्वकर्मा, नितिन अग्रवाल, रवि रघुवंशी, कुलदीप सिंह दांगी, अखिलेश तिवारी, नरेंद्र सिंह राय, विशाल रघुवंशी, दिनेश चौरसिया, कोमल कुशवाहा, दीपक नामदेव, अथर्व राजपूत, जैत्र राजपूत आदि सदस्य उपस्थित रहे एवं नौलखी धाम पर चल रहे महायज्ञ के समापन पर हुए विशाल भंडारे में भोजन परोसने में सहयोग किया।

## चांदी के विमान में भगवान महावीर स्वामी को विराजमान कर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

# महावीर स्वामी का धूमधाम से मनाया गया जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रविवार को सकल दिगंम्बर जैन समाज एंव नवयुवक मंडल द्वारा भगवान महावीर की जयंती बडे ही. हर्षोल्लास से मनाई गई। जिनोदय तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर भगवान महावीर की पूजन,विधान एंव शांतिधारा की गई। वही नगर के कठाली बाजार स्थित चंद्र प्रभु जिनालय, हाजीपुर जैन मंदिर, पचखनी व टौरी जैन मंदिर में जिनेन्द्र भगवान की सामुहिक पूजा-प्रक्षाल की गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर की रथ यात्रा जैन धर्म के जयकारों के मध्य बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ हुई जो कठाली बाजार चंद्रप्रभु जिनालय, कष्टम पथ, छत्री नाका हनुमान पथ,लिंक रोड,बासौदा नाका, हाजीपुर जैन मंदिर से होते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होकर पुनः घेतल गली बड़ा जैन मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा की गई।





### आकर्षक रहा चांदी का विमान

*सकल दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल के तत्वाधन में निकाली गई रथ यात्रा नगर में रविवार को आकर्षक का केन्द्र बनी रही, जिसकी अगवानी नवयुवक मंडल के दिव्य घोष बड़े बैंड से की जा रही थी। दूसरे क्रम में सजाई गई झांकी तत्पश्चात पाठ शाला के नन्हें-मुन्ने बच्चें इसके बाद सैंकड़ों की संख्या में जैन भक्त भगवान महावीर के रथ को हाथों से खींचते हुए नंगे पैर चल रहे थे। तत्पश्चात सैंकड़ो महिलाएं गुलाबी वस्त्र धारण कर पालकी में जिनवाणी को विराजित कर कतारबद्ध तरीके से चल रही थी। चल समारोह के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह आरती उतार कर पूजा अर्चना की।*

### बदरवास के बैंड ने चल समारोह में मचाई धूम,बच्चे से लेकर बुजुर्गों ने भी किया भजनों की धुन पर नृत्य

#### 76 वर्षों से गूंज रहा दिव्य घोष

महावीर जयंति के अवसर पर दिव्य घोष की गुंज विगत 76 वर्षो से लगातार गुंज रही है। ज्ञात हो कि नवयुवक मंडल का गठन सन 1948 में जैन समाज द्वारा किया गया था। पिछले 76 वर्षो मे नवयुवक मंडल ने अपनी दिव्य घोष से भारत ही नही विदेशों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विगत वर्षो में पश्चिम बंगाल, अरुणाचल, असम, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, सहित विभिन्न राज्यों में नव युवक मंडल को विभिन्न पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया है। उक्त जानकारी बब्लू जैन द्वारा दी गई।

#### हाथों में तक्तियां लिए चल रही थी महिला मंडल की सदस्य

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकाले गए चल समारोह में महिला मण्डल की सदस्यों का भी एक बडा योगदान चल समारोह में देखा गया। महिलाए अपने ड्रेस कोड के साथ अपने हाथो में तक्तिया लेकर चल रही थी। इन तक्तियो पर आचार्य श्री के उद्देश्य जिओ और जीने व गायो की रक्षा सहित अन्य धार्मिक संदेशो के साथ हाथो में तक्तिया लेकर महिलाए चल समारोह में कताबद्ध चल रही थी।

#### बदरबास के बैंड ने चल समारोह में जमाया रंग

जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर निकलने वाले भव्य चल समारोह के लिए बदरवास से बैण्ड मंगाया था। वही बैण्ड ने चल समारोह में ऐसा रंग जमाया कि बच्चे तो बच्चे बुजुर्ग भी भजनो की धुन पर नाचने को मजबूर हो गए। चल समारोह में पूरे समय नन्ने मुन्ने बच्चे भजनो की धुन पर थिरकते हुए नजर आए।

#### संत सुधा सागर गौशाला द्वारा सजाई गई आकर्षक झांकी

संत सुधा सागर गौशाला द्वारा विमान चल समारोह में आकर्षक झांकी सजाई गई। जिसमें गायो की रक्षा एंव गायो के उपचार के तरीके,भीषण गर्मी में पशुओं को पानी पिलाने,कडकडाती सर्दी के मौसम में संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यों द्वारा गायो को औषधि युक्त लडडू खिलाना आदि पेनर पोस्ट के माध्यम से जनहित में जनता जर्नादन को एक संदेश दिया गया। झांकी में मुख्य आकर्षण आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज एंव मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज का वार्तालाप करते हुए एक सुदंर चित्र सजाया गया जो कि आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## नव मंदिर के दुकान निर्माण पर भूमि शुद्धि का कार्यक्रम संपन्न

### पंचखनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर परम पूज्य आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद व आज्ञा अनुसार नव मंदिर जी के दुकान निर्माण निश्चित जगह पर भूमि शुद्धि का कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बाल ब्रह्मचारी भैया जी द्वारा भूमि शुद्ध का कार्यक्रम संपन्न कराया। इस दौरान श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचखनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी, मंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज, अशोक जैन मोदी, पवन जैन भूपत, प्रमोद जैन गुरधानी, मनोज जैन कुरवाई, संजय जैन विजयराज, सुमित जैन आदि समाजजन मौजूद रहे।



## वरिष्ठ रंगकर्मी के पिताश्री का निधन

**सिरोंज।** शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी दीपक सोनी के पिता जुगल किशोर सोनी का निधन हो गया। मिली जानकारी अनुसार श्री सोनी 19 अप्रैल को ग्राम बगरोदा हनुमान मंदिर पर रात्रि के समय भगवान की सेवा कर रहें थें तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें कांट लिया। जिनका उपचार आंनदपुर के अस्पताल में किया जा रहा था और उपचार के दौरान जुगल किशोर सोनी की मृत्यु हो गई। वही 'श्री सोनी के निधन पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।

### प्राचार्य महेश ताम्रकार ने छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया

## मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मतदाता जागरूकता को लेकर शासकीय सीएम राईस विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व शिक्षको ने सेल्फी प्वाइंट पर अपना फोटो खीचकर अपने व्हाटसएप्प, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अनेको सोशल मीडिया एप पर अपने अपने फोटो शेयर किए। साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया और लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य महेश ताम्रकार ने छात्रो को मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वही उन्होने कहा कि सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म अवश्य भरे और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही गयी। उन्होंने छात्रो को शपथ दिलाई की वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करें। उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर सहित स्कूल स्टॉफ व छात्र-छात्राए मौजूद रही।




## सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को दिए प्रमाण पत्र



**विदिशा।** रामचन्द्र मिशन आश्रम में ब्राइटर माइंड संस्था तथा हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में ब्राइटर माइंड क्लासेज में विगत एक वर्ष में सफल बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। ज्ञात हो कि इन क्लासेज में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों को प्रति सत्र 8 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण, हर सप्ताह में हर रविवार को दिया जाता है। इस प्रशिक्षण से बच्चों के दिमाग का विशेष प्रकार से विकास होता है व दिमाग की कार्यक्षमता आश्चर्य जनक रूप से बढ़ती है । वे आंखों पर पट्टी बांधकर वस्तुओं का आकार , रंग पहचान सकते हैं तथा बंद आंखों से ही किताब पढ़ सकते हैं। इस प्रशिक्षण से उनका फोकस, तल्लीनता, समझ, इंटेलिजेंस बढ़ती है। हर क्षेत्र में सफलता पाने की संभावना बढ़ती है। इस कार्यक्रम में, प्रशिक्षित सभी बच्चे तथा उनके पालक उपस्थित रहे। प्रशिक्षित बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सफल प्रदर्शन भी किया। जिसमें आंखों पर पट्टी बांधकर वस्तुओं के रंग , आकार पहचानना , बंद आंखों से ही किताब पढ़ना शामिल रहे । सर्टिफिकेट्स का वितरण, हार्टफुलनेस संस्था के रीजनल फैसिलिटेटर गजेन्द्रसिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन अंजलि पंडित व डॉ. सोनिया राजपूत ने किया। सुलभा भट्ट, सुषमा ठाकुर, मनीषा शर्मा, जयंती , ज्योति श्रीवास्तव इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

### भगवान महावीर के जन्म कल्याण पर हुए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

## चांदी की पालकी में श्रीजी ने किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रविवार का जैन समाज द्वारा 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का दिगम्बर जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया। चांदी की पालकी में सवार होकर श्रीजी ने नगर भ्रमण किया। स्थान - स्थान पर चंद्र प्रभु स्वामी जी का पूजन आरती स्वागत किया गया।

श्री चन्द्र प्रभु दिगंम्बर जैन मंदिर में महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के महोत्सव पर प्रातः मंगलाष्टक , अभिषेक शांति धारा सहित अन्य कार्यक्रमों में जैन समाज के नर - नारियों की भारी उपस्थिति रही। जैन समाज के संत भवन से प्रातः बैंड-बाजों , महावीर स्वामी के जयकारों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। चांदी की विशेष पालकी में सवार श्रीजी ने नगर के प्रमुख मार्गों जैन मोहल्ला , बगलबाड़ा मार्ग, बड़ा बाजार शक्तिधाम मंदिर, छोटा बाजार , नवीन टाकीज रोड, मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए। वापस संत भवन पहुंचे पर समापन हुआ । शोभायात्रा एवं चांदी की पालकी में सवार श्रीजी का स्थान -स्थान पर पूजन स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भारी संख्या में जैन समाज के नर - नारियों, युवक - युवतियों की उपस्थिति रही ।संत भवन में महीवी स्वाीम का अभिषेक, शांति धारा , पूजन विधान भी हुआ।



### 20 दिनों में दूसरी बार बदला मौसम, खुले आसमान में लगे गेंहू के ढेर

**बरेली।** अभी चैत का महीना चल रहा हैं। इसी माह में 15 दिनों पूर्व एक सप्ताह तक बादल बारिश का मौसम बना रहने से नहीं गेंहू की फसले , दाना बारिश में भींगा वहीं मूंग की बोवनी में विलंब होता रहा । अब एक बार पुनः रविवार को अचानक बदला मौसम आसमान में जिस प्रकार घने बाद छाये उससे कभी भी बारिश की संभावना बन रही हैं। भले ही संपूर्ण क्षेत्र में गेंहू की कटाई का कार्य पूर्ण हो गया हो , परन्तु किसानों के घर आगन और समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर गेंहू के खुले आसमान के नीचे ढेर लगे हुए हैं। क्षेत्र के समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर विलंब से गेंहू की खरीद , तौल प्रारंभ हुई । बाहरी हम्मालों , मजदूरों के भरोसे ही केंद्रों पर गेंहू की तौल एवं परिवहन का कार्य हो पाता हैं। कृषि उपज मंडी सहित दर्जनों खरीदीं केंद्रों पर खुले मैदान में लगें गेंहू के ढेर एक बार पुनः बारिश में भीगने की संभावना बनती नजर आ रही हैं। रवि फसलों पर बार -बार बारिश और बादल छाये रहने की प्राकृतिक आपदाएं और इली प्रकोप होने से इस वर्ष चना गेंहू का प्रति एकड़ औसत उत्पादन में गिरावट आई हैं। पिछले दिनों हुई एक सप्ताह की बारिश के दौरान गेंहू भीगने से उसकी चमक जाने और नमीयुक्त होने की नुकशानदायक स्थिति बनी । अब पुनः प्राकृतिक आपदा बारिशै का संकट बनता नजर आ रहा हैं। जिससे किसानों को भारी नुकशान उठाना पड़ सकता हैं।

## बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की आज की 1527 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन की 205 वीं काव्य संगोष्ठी संपन्न हुई। चित्रा मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी-संचालन का श्री गणेश किया। पृथ्वीपुर से श्रीमती सन्ध्या साहू सांझी ने भक्तिभाव-पूर्ण, माँ सरस्वती की वंदना की। सागर से आज की संगोष्ठी के अध्यक्ष डा. सीताराम श्रीवास्तव भावुक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सागर की माटी को नमन करते हुए कहा- सागर की माटी को प्रणाम,, लाखा बंजारा को प्रणाम, कविवर पद्माकर को प्रणाम, सर हरीसिंह गौर के साथ, सागर की माटी को प्रणाम। सागर साहित्य मनीषियों का सागर है, और मणीकांत चौबे, इन में से एक विशिष्ट रत्न है जिसने साहित्य संगोष्ठियों के आयोजन की निरन्तरता का इतिहास रचा दिया है। इसे अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। काव्यपाठ करते हुए कहा- धमाचौकड़ी आज मची है, राजनीति के गलियारों में। भटक रही हैं मर्यादायें लोकतंत्र के अंधियारों में। सत्ता सुख की बढ़ी लालसा, नेताओं के दरबारों में, मत्था टेक रहे नेतागण, मंदिर मस्जिद गुरुद्वारों में। अपने स्वागत भाषण में पृथ्वीपुर से वीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा- साहित्य संग़ोष्ठी का यह मंच कठिन परिस्थितियों में भी कार्यरत रहा है और यही इस मंच की विशिष्टता है, जो इसे अन्य मंचों से पृथक करती है। गोष्ठी में नागपुर से श्रीमती मंजूषा किंजवाडकर, दुर्ग से श्रीमती बीना सिंह रागी ,रीवा से डा बारे लाल जैन, दमोह से डा रघुनंदन चिले, डा प्रेमलता नीलम, निवाडी से डा रामनिवास तिवारी आशु कवि, बडा-मलहरा से डा देवदत्त द्विवेदी सरस एवं संजय तिवारी, पृथ्वीपुर से रविशंकर बिलगैया तथा सागर से साहित्य- मनीषीगण पूरन सिंह राजपूत, डा चंचला दवे, आर के तिवारी, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी मणीदेव ठाकुर, अनिल जैन विनर, सुनीला सराफ ने काव्यपाठ किया। उपस्थित सभी जनों के प्रति आभार अभिव्यक्ति अमित मणी कांत चौबे ने की। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्ध जनों में, सागर के सम्माननीय साहित्य-मनीषी एल. एन. चौरसिया, एड के के सिला कारी, पं शुकदेव तिवारी, प्रो.सुरेश आचार्य, कृष्ण कांत बख्शी, कल्याण दास साहू पोषक, पुष्पा चिले, डा सरोज गुप्ता, अजय सराफ, अबरार अहमद अबरार, देवकी नंदन रावत, राजेन्द्र दुबे, शैलेश दुबे सिरदर्द, डा जिनेश जैन संघर्षी, मुकेश तिवारी, डॉ विनोद तिवारी, कपिल बैसाखिया, एड राधा कृष्ण व्यास, योगेश दत्त तिवारी आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

### रहली में सड़क पर कचरा फेंकने पर हुआ जुर्माना 8 लोगों पर हुई कार्रवाई

**रहली।** नगर पालिका परिषद रहली द्वारा सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही की है और दुकानदारों को लगातार समझाइस दी जा रही है कि सड़क पर कचरा ना फेंके। स्वछता अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है एवं नगर को स्वच्छ रखने निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं, जिन लोगों द्वारा सड़क पर कचरा फेंका जा रहा है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की जा रही है । सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एवं सीएमओ बालकृष्ण पटेल के निर्देशन में नगर में वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है तथा प्रत्येक बार्ड एवं गलियों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नगर वासियों से भी नगर को स्वच्छ बनाए रखने अपील की जा रही है। नगर को स्वच्छ रखने में कुछ लोगों द्वारा असहयोग किया जा रहा है एवं जानबूझकर खुले में कचरा फेंका जा रहा है ऐसे लोगों की निगरानी कर अभी जुर्माना की कार्यवाही की है आगे नगर पालिका एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक का नाम होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों के अनुसार चुनाव के दौरान लगाये जाने वाले होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक की पहचान अंकित करने की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा इस बारे में सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र भेजकर कहा गया है कि स्थानीय निकायों और प्राकिरणों से नियंत्रित अथवा विनियमित होर्डिंग्स, मुद्रक और प्रकाशक की पहचान के बिना लगाये जाने के बारे में भारत निर्वाचन आयोग को अभ्यावेदन प्राप्त हुये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क जहाँ मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते को अंकित किये बिना चुनावी पोस्टर और पम्पलेट के प्रकाशन पर रोक लगाती है, वहीं धारा 127-क (3) (बी) चुनावी पम्पलेट और पोस्टर के अर्थ को व्यापक आयाम देती है और इसमें प्ले काड्र्स या पोस्टर को भी शामिल करती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के इन निर्देशों के गैर अनुपालन या उल्लंघन को गम्भीरता से लेने के निर्देश सभी जिलों के कलेक्टर को दिये हैं। जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि ऐसे सभी नगर पालिक प्राधिकरण अथवा प्राधिकारी जो होर्डिंग्स अथवा बैनर या पोस्टर आदि के लिये जिम्मेदार हैं, उन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये जायें तथा राजनैतिक दलों को भी इन प्रावधानों से अवगत कराया जाये।

## छींदधाम हनुमान गढ़ी में हनुमान जयंती की तैयारियां शुरू

### पूर्ण वैभव श्रृंगार के साथ हजारों भक्त करेंगे पूजन दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

23 अप्रैल को मंगलवार एवं हनुमान जयंती का विशेष संयोग बना हैं। 6 कि.मी. दूर विशाल पीपल के वृक्ष के नीचे विराजे हनुमान द्दा सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। नगर से लगी घोघरा नदी के किनारें प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में विराजे हनुमान जी, श्रीराम दरबार सभी संकटों से रक्षा करते हैं। दोनों प्रमुख स्थानों के साथ संकट मोचन हनुमान मंदिर रामलीला मैदान स्थित श्रीरामदरबार मंदिर में भी हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने की तैयारिया चल रही हैं। हनुमान जयंती पर हजारों -हजार हनुमान भक्तोंके आने की संभावना हैं।

#### पूर्ण वैभव श्रृंगार के साथ दर्शन

छींदधाम मंदिर की परंपरा के अनुसार मंगलवार हनुमान जयंती पर प्रातः 4 बजे से हनुमान जी का अभिषेक पूजन और पूर्ण वैभव श्रृंगार किया जाने कें बाद प्रातः कालीन दर्शन भक्त कर पाएगें । हनुमान जयंती पर दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। छींदधाम व्यवस्थापक कृष्ण कुमार रघुवंशी ने बताया कि हराजों भक्तों एवं वाहनों के छींदधाम आने की संभावना के कारण विभिन्न मार्गो को एंकाकी किया हैं। मंदिर तक भक्त पैदल ही पहुंच पाएगें ।

#### 3 मंजिला मंदिर निर्माण

घोघरा नदी किनारें प्राचीन हनुमान गढ़ी में एक छोटी सी मढिय़ा हुआ करती थी । बिदुआ परिवार द्वारा लाखों रू. खर्च कर 15 वर्षों में विशाल भव्य तीन मंजिला मंदिर का निर्माण कराया गया। हनुमान गढ़ी मंदिर भक्तों के लिए प्रमुख श्रद्धा केंद्र बना हुआ हैं। हनुमान जयंती पर सुबह से रात्रि तक विभिन्न कार्यक्रमों में हजारों हनुमान भक्तों की पूजन दर्शन प्रसाद चढ़ाने उपस्थित रहने की संभावना हैं।



## भोपाल-विदिशा हाइवे पर गड्ढों से दुर्घटनाओं का अंदेशा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# टोल टैक्स वसूलने के बाद भी सड़क के नहीं भरे जा रहे गड्ढे, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

◆ हाइवे पर 1 सितंबर से बढ़ी हुई दरों के साथ कामर्शियल वाहनों से वसूल रहे हैं टोल टैक्स, बावजूद इसके नही हो रही रोड की मरम्मत

◆ सड़क में बने गड्ढों की वजह से बढ़ रहा हादसों का ग्राफ, सलामतपुर के साथ सूखी सेवनिया पुलिस भी हो रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

इन दिनों भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं। भोपाल से लेकर दीवानगंज और सलामतपुर चौराहे तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, इनकी मरम्मत तो दूर इन्हें चूरी गिट्टी से भरकर खाना पूर्ति भी नहीं की जा रही है। वाहनों की आवाजाही के कारण यह गड्ढे लगातार बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई गड्ढे तो 8- 8 इंच गहरे हैं।

ऐसे में इनमें बस हो या ट्रक के दोनों पहिये धंस जाते हैं। भोपाल से बाया विदिशा होते हुए सागर तक पहुंचने के लिए इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है। लेकिन वाहन चालकों को गड्ढों के कारण पूरा सफर का मजा किरकिरा हो जाता है। यही नहीं इस मार्ग से रोजाना पूरे प्रदेश के अफसरों, पूर्व सीएम, मंत्रियों का आना जाना भी लगभग रोजाना होता है। बावजूद इसके एमपीआरडीसी विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है।

### हाइवे पर पिछले 12 महीने में हो चुकी हैं 70 घटनाएं

भोपाल विदिशा हाइवे 18 सड़क पर सप्ताह में एक दो हादसे गड्ढों की वजह से हो रहे हैं। जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं। पिछले वर्ष इस हाइवे पर लगभग 70 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें कई लोग घायल और कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। फिर भी ज़िम्मेदार अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई उपाय नही किए जा रहे हैं। वहीं ज्यादातर हादसे बालमपुर घाटी पर हो रहे हैं। यहां आए दिन ट्रक हादसे होते हैं, जबकि हादसों को रोकने एमपीआरडीसी ने रोड को चौड़ा भी कर दिया है। और दोनों और रेलिंग भी लगाई गई है। ताकि हादसे रोके जा सकें। फिर भी हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे।



### हाइवे से प्रतिदिन निकलते हैं 10 हजार वाहन

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 से दिन भर में लगभग 10 हजार छोटे बड़े वाहन निकलते हैं। जो यूपी, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जाते हैं। यहां से बड़े बड़े ट्राले और ट्रक क्षमता से अधिक माल लेकर सड़क से निकलते हैं। वहीं कुछ बड़े भारी वाहन भी यहां से गुजरते हैं। जो त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर भानपुर भोपाल तक पूरे रोड के गहरे गहरे गड्ढों के कारण आए दिन खराब हो जाते हैं। वहीं मोटरसाइकिल चालकों को तो गड्ढों में पानी भरा होने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा भी नही लगता और जैसे ही मोटरसाइकिल का अगला पहिया गड्ढे में जाता है चालक नीचे गिरकर घायल हो जाते हैं।*

### 1 सितंबर 23 से संशोधित दरों के साथ बड़ा दिया है टोल टैक्स

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर आरएमएन टोल टैक्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 1 सितंबर से टोल टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसमें हल्के कमर्शियल वाहन से 65 रुपये, खाली या भरे हुए ट्रक से 165 रुपए तो वहीं मल्टी एक्सल वाहन से 325 रुपए वसूल रहे हैं। बावजूद इसके हाइवे रोड पर मरम्मत नही कराई जा रही है। जबकि रोड पर गहरे गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन एमपीआरडीसी का गैरज़िम्मेदाराना रवैया लोगों की मुसीबत बना हुआ है।*

### हाइवे से रोज ही गुजरता है कोई न कोई वीआईपी

*सप्ताह में एक बार पूर्व मुख्यमंत्री व विदिशा संसदीय क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी शिवराज सिंह भी इसी स्टेट हाइवे 18 से निकलते हुए विदिशा जाते हैं। वहीं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा यहीं से आना जाना करते रहते हैं। और प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी भी आते जाते रहते हैं। उसके बाद भी जम्मिदार अधिकारियों द्वारा यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतेजाम नही किए जा रहे हैं। जिसके कारण हादसों में प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है।*

### अत्यधिक दवाब के चलते बढ़ रहे हैं सड़क में गड्ढे

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे सड़क काफी छोटी है। इस इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। जिसकी वजह से आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं यहां पर घटित हो रही हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही विदिशा के 3 पत्रकार भी इसी सड़क के गड्ढों की वजह से हादसे में अपनी जान गवां चुके हैं। अभी एक सप्ताह पहले ही हलाली डेम रोड से आ रही एक कार चालक ने दो वाहनों को टक्कर मार दी थी। जिसमें दीवानगंज गांव के एक युवक की मौत भी हो गई थी। अब सलामतपुर के लोगों ने हाइवे को 4 लेन करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहां है कि शीघ्र ही हाइवे को फ़ोर लाइन किया जाए। नही तो गर्मीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।*

### एमपीआरडीसी विभाग की लापरवाही

हाइवे 18 पर त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, कुल्हाड़ियां, दीवानगंज, बालमपुर और भानपुर भोपाल तक 40 किलोमीटर क्षेत्र में गहरे गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। इनकी वजह से आए दिन हाइवे पर हादसे हो रहे हैं। कुछ हादसों में तो चालक अपनी जान भी गवां चुके हैं। बावजूद इसके एमपीआरडीसी विभाग का इस और ध्यान ना देना उनकी लापरवाही को उजागर करता है।

**- रघुवीर सिंह मीणा**, सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई।

### शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन करेंगे

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 सड़क मार्ग पर छोटे बड़े हज़ारों वाहन प्रतिदिन निकलते हैं। कई जगह सड़क के दोनों और व बीच मे बड़े बड़े गड्ढे होने के साथ ही साइडों की डामर भी धसक गई है। इनमें बाइक का टायर फंस जाता है, जिसकी वजह से चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं हाइवे पर टोल टैक्स वसूलने के बाद भी इन गड्ढों की और ध्यान नही दिया जा रहा है। अगर शीघ्र ही सड़क का पेचवर्क नही किया गया तो धरना आंदोलन किया जाएगा।

**- अशोक त्रिपाठी**, समाजसेवी रातातलाई सलामतपुर।

## दो दिन पहले हुआ था भीषण हादसा

# दो दिन संघर्ष करने के बाद चौथे युवक ने भी तोड़ा दम

◆ भिड़ंत से बाइक में लगी आग में जल गए थे मौके पर 3 युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



फॉलोअप

जिले के गैरतगंज थाना अंतर्गत करमोदी गांव के पास दो दिन पहले दो बाइकों की भीषण टक्कर बाद दोनों ही बाइक में आग लग जाने से दो सगे भाइयों सहित एक युवक की जिंदा जल जाने से मौत हो गई थी। जबकि एक नाबालिग को भोपाल रेफर किया गया था। जहां पर उसने भी जीवन और मौत से संघर्ष करने के बाद शनिवार को दम तोड़ दिया।

इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करमोदी गांव के पास शादी से लौट रहे युवकों की दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। जिसमें दो सगे भाई विपिन अहिरवार, अर्जुन अहिरवार, और दिनेश अहिरवार एक बाइक पर शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।



इसी दौरान उनकी बाइक और जितेंद्र आदिवासी की बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई थी। मौके पर दोनों बाइक में आग लग जाने से विपिन अहिरवार, अर्जुन अहिरवार सहित जितेंद्र आदिवासी की जिंदा जल जाने से मौत हो गई थी। हादसे में गंभीर रुप से झुलसे दिनेश अहिरवार को इलाज के लिए भोपाल भेजा गया था। जहां उसने भी दम तोड़ दिया है।

# खेत पर बनी झोपड़ी में लगी आग

रिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

निकटवर्ती ग्राम सालेरा में खेत पर बनी झोपड़ी में रविवार को आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखे 40 हजार नगद सहित घर गृहस्ती का अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

जानकारी के मुताबिक किशोर सिंह बैरागी निवासी वार्ड 13 का खेत ग्राम सालेरा में है, जो पिछले 6 महीने से खेत पर बनी झोपड़ी में ही रह रहे थे और फसल की रखवाली कर रहे थे। किशोर ने बताया कि परिवार सहित खेत से सालेरा काम से आ गए थे। तभी भतीजे ने फोन करके सूचना दी कि तुम्हारी खेत पर बनी झोपड़ी में आग लग रही है।

मौके पर पहुंचे जब तक झोपड़ी चलकर खाक हो गई थी वहीं उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल बेचने के 40 हजार रुपए एवं चांदी की पायल जिसकी कीमत करीब 8000 रुपए थी। झोपड़ी में ही रखे थे जो जल गए जिससे काफी नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### अभ्यर्थी आज 3 बजे तक ले सकेंगे नाम वापस

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु प्राप्त अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा उपरांत 16 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार विधिमान्य अभ्यर्थी 22 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस ले सकते हैं। विदिशा संसदीय क्षेत्र हेतु मतदान आगामी 7 मई को होगा तथा मतगणना 4 जून को की जाएगी।

### मतदान बढ़ाने हो रही है जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण में होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसी प्रकार तृतीय चरण में विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी तथा भोजपुर में 07 मई 2024 को मतदान होगा।

### महावीर जयंती पर नगर में निकाली शोभायात्रा

**दीवानगंज।** ग्राम दीवानगंज में महावीर जयंती बड़े ही धूमधाम व पूरे श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस मौके पर भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा फैक्ट्री चौराहा पर स्थित ज्ञानोदय तीर्थ धाम प्रारंभ हुई जो खेड़ापति हनुमान मंदिर से होते हुए दीवानगंज तालाब और दिगंबर जैन मंदिर भवानी चौक पर पहुंची। जहां पर महावीर की पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा में महिलाएं अहिंसा परमो धर्म का नारा बुलंद करती हुई चल रही थी। वहीं पुरुषो की भी भागीदारी रही। शोभा यात्रा में जैन समुदाय के कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। महावीर की शोभा यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया।

## हादसे का शिकार हो रहे मावेशी

# अज्ञात वाहन ने गाय को मारी टक्कर, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे पर रोज आवारा पशुओं की मौत हो रही है। इन पशुओं को रखने वाला व्यक्ति ना ध्यान दे रहा है ना ही सरकार इन आवारा पशुओं की ओर ध्यान दे रही है, जिससे इन आवारा पशुओं की रोज कहीं ना कहीं रोड पर मौत हो रही है इस समय मावठ का दौर चल रहा है। यह जानवर दिन भर जंगलों में घूमते हैं जैसे ही शाम होती है तो वह सूखे में आकर रोड पर बैठ जाते हैं। जिससे वाहन चालक रात के समय इन आवारा पशुओं को देख नहीं पाते हैं, जिससे आवारा पशुओं के ऊपर वाहन चढ़ जाता है जिससे इनकी मौत हो जाती हैं।

- हादसों को देखकर भी प्रशासन नहीं उठा रहा कोई कदम
- मावेशियों के साथ राहगीर भी होते घायल

शनिवार-रविवार की रात को बालमपुर घाटी के नीचे गाय को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे गाय की मौत हो गई। बैरखेड़ी चौराहा से लेकर बालमपुर घाटी तक आवारा पशु की बहुत अधिक दुर्दशा खराब हो रही है। इन वाहनों की रफ्तार भी बहुत अधिक अनाधुन होती है, जिससे कहीं ना कहीं दुर्घटना होती रहती है। इन ट्रक और बस वालों पर कोई भी अधिकारी कार्रवाई नहीं करता है, जिससे भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# जिओ और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

◆ *मुनि संघ के सानिध्य में निकाली शोभायात्रा में शामिल हुए समाजजन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अहिंसा के प्रणेता, जिओ और जीने दो का संदेष देने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक नगर में अखण्ड दिगंबर जैन समाज के द्वारा आस्था, श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

दोपहर के समय पारश्वनाथ जिनालय से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि तारण तरण जैन चैत्यालजय, आजाद मार्केट, समैया मार्केट, न्यू मार्केट, कुशवाहा धर्मशाला, त्रिमूर्ति जिनालय, बजरंग चौराहा, पांडुक शिला, गांधी चौक, पुराना बस स्टेण्ड, अम्बेडकर वार्ड आदि रास्तो से गुजरती हुई प्रारंभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गई। मुनि श्रयांस सागर महाराज के संसघ सानिध्य में निकली गई शोभा यात्रा में रथ, डीजे, ढोल, आदि को शामिल किया गया। अश्व पर सवार युवक धर्म ध्वजा लहलहाते हुए चल रहे थे। इसके अतिरिक्त भजन मंडली के सदस्य ढोलक, हारमोनियम व मंजीरो की लय पर भजनो का कर रहे थें। जैन व्यायाम शाला के युवक कसरती करतवो का प्रदर्शन कर रहे थे।



कार्यक्रम में चांदी जड़ित विमान में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को रखा गया था। इस विमान को जैन समाज के लोग श्रद्वा पूर्वक कंधे पर उठाए जयकारा लगाते हुए चल रहे थे, महावीर स्वामी की प्रतिमा का अनेको स्थानो पर समाजजनो के द्वारा आरती उतारी गई। चल समारोह में महिलाए आकर्षक परिधान पहनकर शामिल हुईं जो मंगल भजनो का गायन कर रही थी।

नप अध्यक्ष रेषु विभोर नायक के द्वारा महिलाओ का ललाट पर चंदन लगा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में शामिल हुए मुनि श्रयांस सागर महाराज तथा छुल्लक निजात्म सागर महाराज अनेको स्थानो पर समाजजनो के द्वारा पाद प्रक्षालन किया जाकर आरती उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चल समारोह के बजरंग चौराहा पहुंचने पर पूर्व विधायक रामपाल सिंह भी शामिल हुए व भगवान महावीर स्वामी की आरती की।

### जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव

**गैरतगंज।** प्रतिबर्ष अनुसार इस बर्ष भी जैन समाज के द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बडे ही धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर रविवार सुबह जैन समाज के द्वारा बाजार चोक स्थित बडा जैन मंदिर से युवाओ समाज सेवीयो द्वारा नगर मे प्रभात फेरी निकाली गई इसके उपरांत दौपहर को बाजार चोक से भगवान महावीर स्वामी की विशाल शोभायात्रा गाजे-बाजे अखाडो के साथ निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए टेकापार स्थिति जैन धर्मशाला पहुंची जहाँ पर धर्म सभा का आयोजन कर भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला गया इस आयोजन में जैन समाज के सैकडों की संख्या मे महिला पुरुषो ने पहुंच कर धर्म लाभ लिया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न समाजसेवियो ने भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की आयोजन मै सकल दिगम्बर जैन समाज, जैन युवा शक्ति सहित समाज अध्यक्ष टेकचंद जैन, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई,मंडल अध्यक्ष संजय जैन आदि बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए।

## रामकथा के चौथे दिन मंजरी दीदी द्वारा श्रीराम विवाह और श्रीराम को 14 वर्ष वनवास की कथा भक्तों को सुनाई

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड केअंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी में चल रही है राम कथा के चौथे दिन कथा वाचक मंजरी दीदी ने कहा कि विवाह पंचमी के दिन त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और माता सीता का विवाह हुआ था। इस तिथि को विवाह पंचमी या श्रीपंचमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन कई जगहों पर भगवान राम और माता सीता का विवाहोत्सव आयोजित किया जाता है लेकिन इस तिथि पर कई माता-पिता अपनी बेटी का विवाह कराने से बचते हैं क्योंकि वह इस तिथि को अशुभ मानते हैं। मान्यता है कि इस दिन राम-सीता के विवाह में शामिल होना या कथा सुनने से जीवन के कई दुख दूर हो जाते हैं। देवी सीता के पिता राजा जनक ने शर्त रखी थी कि जो कोई भी भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, वही देवी सीता का वर होगा। इस शर्त के पीछे वजह यह थी कि माता सीता ने बचपन में पूजा स्थल पर जब शिव धनुष को देखा था तब उन्होंने अकेले अपने बाएं हाथ से धनुष को उठा लिया था। महाराज जनक ने जब इस अद्भुत दृश्य को देखा था, तब उन्होने प्रतिज्ञा ली थी जिस तरह देवी सीता अलौकिक हैं, उसी तरह उनका पति होना चाहिए।



## शामिल हुईं सैंकड़ों की संख्या में कन्याए

# मां विजयासन मंदिर में कन्या भोज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के प्रसिद्ध मॉ विजयासन मंदिर में चैत्ररात्रि की समाप्ति बाद रविवार को विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में देवी स्वरुपी स्वरुपी कन्याए शामिल हुई। मां विजयासन मंदिर समिति के द्वारा मंदिर परिसर में कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित यिा गया। जिसमें नगर की कन्याओ को आमत्रिंत किया गया।

भोज कार्यक्रम में नगर की सैंकड़ो की संख्या में कन्याए शामिल हुई, कार्यक्रम में शामिल कन्याओ को भोजन कराया जाकर आयोजक समिति के द्वारा उनके पैर पूजे जाकर आशीर्वाद लिया तथा भेंट दी गई। ज्ञात रहे कि हिदू धर्म में नवरात्र का विशेष महत्व होता है।



मां दुर्गा की आराधना के लिए साल में मुख्य रूप से चार पर्व आते हैं जिन्हें नवरात्र के नाम से जाना जाता है। इन चार नवरात्र पर्वों में दो चैत्र व शारदीय नवरात्र जबकि दो गुप्त नवरात्र होते हैं। चैत्र नवरात्र में भक्त किसी विशेष मनोकामना के तहत देवी मां की पूजा करते हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

# होशंगाबाद की उदयपुरा विधानसभा में मतदान 26 को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा में 26 अप्रैल 2024 को मतदान सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज समनापुर जागीर बरेली में आयोजित उदयपुरा विधानसभा के सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ तथा सीएमओ की संयुक्त बैठक सह प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने सेक्टर अधिकारियों तथा पुलिस सेक्टर अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना है। इसके लिए सभी पूरी सजगता और सक्रियता से अपने निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करें।



### कानून व्यवस्था बनाएंगी पुलिस

उन्होंने कहा कि निर्वाचन के पहले 72 घंटे की प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण होती है। सेक्टर अधिकारी व पुलिस अधिकारी निर्वाचन को लेकर अपनी सारी तैयारियों का एक बार रिव्यू कर लें। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और निर्विघ्न सम्पन्न कराया जाना है। पुलिस अधिकारी की कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। सभी सेक्टर अधिकारियों के पास उनके क्षेत्र का नक्शा व रूट चार्ट है। अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र का भ्रमण करें और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए की गई सभी आवश्यक तैयारियों को अवलोकन करें। अपने सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं तथा क्षेत्र में सतत भ्रमण करें।

### प्रशिक्षण में एएसपी सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद

सभी सेक्टर अधिकारी तथा पुलिस सेक्टर अधिकारी अपने पदीय कर्तव्यों और इन कर्तव्यों को पूरा करने के लिए अपनाई जाने वाली निर्धारित प्रक्रिया से भलीभांति अवगत हों। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्वेता पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।